तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 13 मार्च 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
अफीम की खेती के विरोध में कांग्रेसियों ने किया भाजपा कार्यालय का घेराव



## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत कल

**कोरबा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मंशानुरूप आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को जिला एवं समस्त तालुका स्थित न्यायालयों में किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में जिला एवं तहसील स्तर पर न्यायालय में लंबित राजीनामा, दीवानी, फौजदारी, क्लेम (मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण) परिवार न्यायालय में मामले, श्रम विवाद, भू-अर्जन से संबंधित प्रकरण राजस्व मामलें, पराक्राम्य लिखित अधिनियम की धारा 138 के मामले, बैंक वसूली, विद्युत चोरी के मामले व अन्य उपयुक्त मामलों का निराकरण सुलह-समझौता व राजीनामा के माध्यम से किया जायेगा।

### स्टेशन में लगाई गई है ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन

**कोरबा।** यात्रियों को अनारक्षित टिकट आसानी से उपलब्ध हो जाएं और उन्हें काउंटर की लंबी लाइन में न खड़ा होना पड़े, इसके लिए ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन स्टेशनों में लगाई गई है। जागरूक व टेक्निकल जानकारी रखने वाले लोग ऐसी मशीनों से स्वतः ही अपनी टिकट प्राप्त कर लेते हैं, लेकिन बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी हैं, जो मशीन को ऑपरेट नहीं कर पाते हैं या करना नहीं चाहते। ऐसे लोगों की मदद के लिए रेल प्रबंधन एटीवीएम से टिकट देने फैसिलिटेटर रखता है। जो यात्रियों को चाहे गए स्टेशनों तक की टिकट बहुत ही कम समय में जारी कर देते हैं। पिछले साल इसके लिए नियुक्त फैसिलिटेटरों की अनुबंध अवधि 31 मार्च को समाप्त होने वाली है।

## कोतवाली थाना क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन बस्ती है प्रभावित

# बस्तियों में नशेड़ियों को सबक सिखाने पुलिस गली मोहल्लों में कर रही पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के ऐसे कई गली मोहल्ले हैं जहां शाम होते ही नशेड़ी किस्म के युवक सकरी हो जाते हैं और अवैध कारोबार करने के साथ-साथ बस्ती में घटनाओं को अंजाम देते हैं। ऐसी गली मोहल्लों में नशेड़ियों को सबक सिखाने के लिए पुलिस सब शाम होते ही गली मोहल्ले और बस्तियों में पहुंचेगी और पैदल मार्च करेगी और नशेड़ी युवकों को सबक सिखाएंगी।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा जिले में नशेड़ी युवकों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और अवैध कारोबार करने वाले लोगों की धरपकड़ की जा रही है। शाम होते ही शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र सीतामणी, इमलीडुग्गू, संजय नगर, राताखार सहित आसपास के बस्तियों में रहने वाले कुछ असमाजिकतत्व के लोग शाम होते ही सक्रिय हो जाते हैं और छोटा-मोटा नशे का कारोबार करते हैं। साथ ही नशे की हालत में बस्ती में हंगामा करते हुए कई घटनाओं को अंजाम देते हैं। लगातार इस तरह की घटनाएं सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने ऐसे युवकों को पर सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है। जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले के मार्गदर्शन पर नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी और नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल व उनकी टीम ऐसे गली मोहल्लों में शाम होते ही पहुंचेंगे और पैदल मार्च करेंगे और लोगों को मोटिवेट करेंगे इसके अलावा नशेड़ी युवक यदि हंगामा करते पाए गए तो उनके खिलाफ एफआईआर की कार्रवाई भी की जाएगी। निश्चित तौर पर जिला पुलिस यदि निरंतर ऐसे ही बस्तियों में पहुंचती रही और नशेड़ी युवकों को जागरूकता के साथ उनके खिलाफत करती रही तो काफी हद तक बस्तियों में छोटे-मोटे मारपीट व हंगामा जैसी घटनाएं कम हो जाएंगी।



रेलवे स्टेशन में संदेहियों से पूछताछ करते नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी व अन्य।

### पहले दिन ही 4 के खिलाफ हुई कार्यवाही

एसपी के निर्देश पर पुलिस ने शाम होते ही शहर के बस्तियों में पैदल मार्च शुरु कर दी है। इसी कड़ी में कोरबा सीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि इमलीडुग्गू व सीतामणी में निवासरत रमेश साहू व भूपेंद्र पटेल को शराब पीते पकड़ा गया हुआ है। जबकि लक्ष्मी नारायण व गौतम दास शराब पीकर गाड़ी चला रहे थे जिनके खिलाफ 185 के तहत कार्यवाही की गई है।

### वृद्ध ने जहर खाकर कर ली खुदकुशी

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धमनागुड्डी निवासी सोहन दास 77 वर्ष पिता मोतीदास ने विगत दिनों अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया था। जब उसकी तबीयत बिगड़ी तो परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां कई दिनों तक इलाज चलने के बाद बुधवार की रात को सोहन दास की उपचार के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर जांच कार्यवाही में जुट गई है।

**कोरबा।** राज्य स्तरीय टोल फ्री नंबर 14446 तथा अवैध मादक पदार्थ की रिपोर्टिंग हेतु एंटी नारकोटिक्स हेल्पलाइन 1933 का व्यापक प्रचार-प्रसार शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिक भी नशे के खिलाफ इस अभियान में अपनी भूमिका निभा सकें।

## क्षतिग्रस्त सड़क देखकर कलेक्टर ने दिए तत्काल मरम्मत के निर्देश

**कोरबा।** जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के निरंतर निरीक्षण के दौरान कलेक्टर कुणाल दुदावत लेमरू से श्यांग की ओर जा रहे थे। विमलता से आगे मोड़ पर पहुँचते ही उनकी नजर मार्ग पर बने बड़े गड्ढों और क्षतिग्रस्त सड़क पर पड़ी। स्थिति को गंभीर देखते हुए कलेक्टर ने तुरंत अपने वाहन चालक को रुकने का निर्देश दिया और स्वयं नीचे उतरकर सड़क की स्थिति का मुआयना किया। पहाड़ी और दूरस्थ ग्रामों को जोड़ने वाला यह मार्ग ग्रामीणों की दैनिक आवाजाही के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सड़क पर बने गड्ढों से संभावित दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए कलेक्टर ने मौके पर ही पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता जी. आर. जांगड़े को स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने निर्देश दिए कि मार्ग का तत्काल निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीणों की आवाजाही सुरक्षित एवं सुगम बनी रहे। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि बारिश और पहाड़ी क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों के कारण सड़कें तेजी से क्षतिग्रस्त होती हैं, ऐसे में नियमित निगरानी और त्वरित सुधार कार्य अनिवार्य हैं।









## खबर संक्षेप

### भाजपा करेगी आज ममता का पुतला दहन

**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा 13 मार्च को दोपहर 12 बजे पुराना बस स्टैंड में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन जिलाध्यक्ष दीपक सिंह की अगवाई में किया जाएगा। ज्ञात हो कि देश की आदिवासी समाज की महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बंगाल दौरे के दौरान उनका अपमान किया गया था। इसके विरोध में यह पुतला दहन किया जा रहा है। इसमें भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता इस पुतला दहन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया कि यदुनंदन नगर निवासी अभिषेक श्रीवास पिता दशरथ श्रीवास (22 साल ) ने बुधवार की रात घर के बरामदे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। गुरुवार की सुबह घर वाले सोकर उठे तब उन्हें जानकारी हुई। बताया जाता है कि पूर्व में भी मृतक खुदकुशी करने की कोशिश कर चुका था। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी है।

### तेज आवाज में गाना दो डीजे वाहन जब्त

**बिलासपुर।** बारात के दौरान तेज आवाज में गाना बजाने पर पुलिस ने दो डीजे वाहनों को जब्त कर लिया है और संचालकों के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई करने में लगी हुई है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया कि गुरुवार को शिकायत मिली कि शाम 4 बजे होटल पेट्रेशियन के पास बारात के दौरान तेज आवाज में डीजे में गाना बजाने से परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करने में परेशानी हो रही है। पुलिस ने तत्काल मौके पर जाकर डीजे वाहन जब्त कर लिया है। एक घंटे बाद तिफरा मंडपम के पास तेज आवाज में डीजे बजाने की शिकायत मिली। पुलिस वहां भी पहुंची और डीजे सहित वाहन को जब्त कर लिया है। पुलिस ने मयूर डीजे संचालक गोड़पारा निवासी नितिन नागवानी, सोमू डीजे संचालक धौराभाठा निवासी पुष्पेन्द्र साहू के खिलाफ कोलाहल अधिनियम के कार्रवाई की जा रही है। ज्ञात हो कक्षा दसवीं, बारहवीं बोर्ड परीक्षा शुरू होने के पहले आईजी, एसपी ने सोशल मीडिया में तेज आवाज में गाना नहीं बजाने की अपील की थी। उसके बावजूद शादी पार्टी कार्यक्रम में तेज आवाज में डीजे में गाना बजाकर ठुमका लगाया जा रहा है।

### स्वास्थ्य विभाग निजी अस्पतालों का प्रशिक्षण

**बिलासपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुधवार को आरसीएच कार्यक्रम, रिपोर्टिंग एवं ट्रैकिंग को सुदृढ़ करने को लेकर 60 निजी चिकित्सालयों के स्टाफ को पोर्टल का प्रशिक्षण दिया गया। निजी अस्पतालों में दी जाने वाली सेवा जिसमे गर्भवती माताओं के त्वरित पंजीयन, उच्च जोखिम पहचान, एनीमिया प्रबंधन , एएनसी जांच, संस्थागत प्रसव, प्रसव पश्चात देखभाल, शिशु पंजीयन, यूविन के माध्यम से टीकाकरण, एवं परिवार कल्याण की सेवाओं की सम्पूर्ण डाटा प्रबंधन का प्रशिक्षित दिया गया। अस्पताल में आने वाले हितग्राहियों के आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड निर्माण, गैर संचारी रोगों के मरीजों की जानकारी को भी संबंधित पोर्टल में डाटा प्रविष्टी हेतु प्रशिक्षण दिया गया है।

---

**सीयू प्रशासन का कारनामा**

**कई टीचिंग डिपार्टमेंट में एसोसिएट व असिस्टेंट प्रोफेसरों के अधीन कार्य कर रहे प्रोफेसर**

# सीयू में प्रोफेसरों की जगह एसोसिएट व असिस्टेंट को रेवड़ी की तरह बांट दिया एचओडी का पद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**अलग खबर**

प्रदेश के इकलौते सेंट्रल यूनिवर्सिटी गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी में सीनियर प्रोफेसरों के रहते हुए भी उनके जूनियर एसोसिएट व असिस्टेंट प्रोफेसरों को रेवड़ी की तरह विभागाध्यक्ष एचओडी का पद बांट दिया गया है। यूनिवर्सिटी के यूटीडी में कई टीचिंग डिपार्टमेंट में एसोसिएट और असिस्टेंट प्रोफेसरों के अधीन सीनियर प्रोफेसरों को कार्य करना पड़ रहा है।

बिलासपुर स्थित गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ राज्य का इकलौता सेंट्रल यूनिवर्सिटी है जो सीधा केन्द्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय अंतर्गत संचालित होता है। इसमें आए दिन कोई न कोई नया कारनामा या विवाद सामने आते जा रहा है। बात-बात पर यूजीसी के नियमों और आर्डिनेश की दुहाई देने वाले इस सेंट्रल यूनिवर्सिटी में कई मामलों में नियमों का पालन होते दिखाई नहीं देता। ऐसा ही मामला यूनिवर्सिटी के विभिन्न टीचिंग डिपार्टमेंट में विभागाध्यक्ष एचओडी के पद को लेकर सामने आया है। जहां सीनियर प्रोफेसरों की उपेक्षा कर अपने पसंदीदा कनिष्ठ प्राध्यापकों को एचओडी की कुर्सी पर बिठाया गया है। यूनिवर्सिटी में कुलपति एकेडमिक प्रमुख होते हैं और सेंट्रल यूनिवर्सिटी में तो कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल का खौफ शिक्षकों में इस तरह है कि कोई उनके निर्णय के आगे आवाज तक नहीं उठा सकता है बस दबे जुबान चर्चा में विरोध जताकर रह जाते हैं। यूनिवर्सिटी का एक हिन्दी डिपार्टमेंट ऐसा है जहां पर एक असिस्टेंट प्रोफेसर को एचओडी का प्रभार सौंप दिया गया है जबकि वहां सीनियर प्रोफेसर मौजूद हैं।

### इन टीचिंग डिपार्टमेंट में कनिष्ठ प्राध्यापकों को बनाया गया एचओडी

**केस 1** सेंट्रल यूनिवर्सिटी के सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में पूर्व रजिस्ट्रार रह चुके और वर्तमान में डीएसडब्ल्यू सीनियर प्रो. शैलेन्द्र कुमार और डॉ. एमसी राव व डॉ. आरके चौबे हैं। इन्हें दरकिनार करते हुए असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आशीष पाराशर को एचओडी बना दिया गया था। यहां दो एसोसिएट एवं एक प्रोफेसर को किनारे करके असिस्टेंट प्रोफेसर को एचओडी बना दिया गया जो अब एसोसिएट प्रोफेसर हो गए हैं।

**केस 2** कामर्स डिपार्टमेंट में प्रो. भुवना वेंकटरामन, प्रो. बुधेश्वर सिंगरौल व प्रो. अशोक कुमार मिश्रा तीन सीनियर प्रोफेसर हैं। इन्हें बारी-बारी से एचओडी बना सकते थे, किन्तु तीन सीनियर प्रोफेसरों के रहते एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मुंशी राम को एचओडी बनाया गया है।

**केस 3** यूनिवर्सिटी का बॉटनी डिपार्टमेंट में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुधीर कुमार पांडे को एचओडी बनाया गया है। श्री पांडे पहले ब्वायस हास्टल के वार्डन भी रह चुके हैं। बॉटनी डिपार्टमेंट में वर्तमान रजिस्ट्रार प्रो. अश्वनी कुमार दीक्षित सहित प्रो. एसके शाही, प्रो. डीके पटेल, प्रो. संतोष कुमार प्रजापति और स्वर्गीय प्रो. नरेन्द्र मिश्रा मिलाकर पांच प्रोफेसर थे। बावजूद इसके एसोसिएट प्रोफेसर श्री पांडे को एचओडी बनाया गया था।

**केस 4** यूनिवर्सिटी के सोशल वर्क डिपार्टमेंट जहां डॉ. सस्मिता पटेल एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर प्रतिभा जैन मिश्रा पदस्थ हैं वहां असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अर्चना यादव को एचओडी बनाया गया था बाद वे एसोसिएट प्रोफेसर बन गई।

**केस 5** सेंट्रल यूनिवर्सिटी के इण्डस्ट्रीयल एंड प्रोडक्शन इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में दो सीनियर प्रोफेसर एससी श्रीवास्तव एवं प्रो. एमके सिंह व एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. गणेश शुक्ला जैसे सीनियरों के रहते वर्तमान में पीएचडी कर रहे एसोसिएट प्रोफेसर सीपी देवांगन को एचओडी बनाया गया है।

**केस 6** यूनिवर्सिटी का एजुकेशन डिपार्टमेंट में प्रो. सीएस वझलवार को हटाकर एसोसिएट प्रोफेसर संबित पाढ़ी को एचओडी बना दिया गया था जो अब प्रोफेसर बन गए हैं। डिपार्टमेंट में दूसरे सीनियर प्रोफेसर सुजीत कुमार मिश्र भी पदस्थ हैं।

**केस 7** कंप्यूटर साइंस एंड इंफार्मेशन टेक्नालाजी डिपार्टमेंट में डॉ. रत्नेश श्रीवास्तव को हटाकर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पुष्पलता पुजारी को एचओडी बना दिया गया, जबकि सीनियर प्रोफेसर अमित कुमार सक्सेना भी डिपार्टमेंट में पदस्थ हैं।

### एचओडी पद को लेकर आर्डिनेस- 75 का उल्लंघन

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के वेबसाईट पर उपलब्ध यूनिवर्सिटी के आर्डिनेस- 75 का भी यूनिवर्सिटी में उल्लंघन हो रहा है। आर्डिनेस- 75 के प्रारूप में उल्लेखित विभिन्न नियम और उप नियम टीचिंग डिपार्टमेंट में एचओडी की नियुक्ति में मार्गदर्शन करता है। इसमें स्पष्ट है कि जिस डिपार्टमेंट में एक प्रोफेसर और एक एसोसिएट प्रोफेसर है वहां एचओडी का पद दोनों के बीच एक के बाद एक क्रम में रहेगा। जहां एक से ज्यादा प्रोफेसर हैं वहां एचओडी प्रोफेसर ही होंगे और जहां सिर्फ एसोसिएट प्रोफेसर हैं वहां एचओडी वहीं होंगे। लेकिन किसी भी परिस्थिति में डिपार्टमेंट का असिस्टेंट प्रोफेसर एचओडी नहीं हो सकता, तब की स्थिति में बिलकुल नहीं जब डिपार्टमेंट में प्रोफेसर कार्यरत है।

### अध्यादेश के अनुसार हो रहा काम

सेंट्रल यूनिवर्सिटी में यूजीसी और यूनिवर्सिटी के अध्यादेश के अनुसार ही काम हो रहा है। अध्यादेश में 75 में एचओडी पद का उल्लेख है, किन्तु उसमें परिस्थितियों के अनुसार कुलपति को एचओडी नियुक्त करने का अधिकार रहता है।

-**प्रो. मनीष श्रीवास्तव**, मीडिया प्रभारी, सेंट्रल यूनिवर्सिटी

---

**भाजपा नेता के अफीम खेती करने का मामला**

# भाजपा कार्यालय का घेराव करने जा रहे कांग्रेसी व पुलिस के बीच धक्का-मुक्की





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दुर्ग जिले के एक भाजपा नेता द्वारा अफीम की खेती करने का मामला सामने आने के बाद कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसी मुद्दे को लेकर गुरुवार को जिला ग्रामीण व शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय का घेराव करने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस वालों के बीच जमकर धक्कामुक्की हुई। पुलिस प्रशासन द्वारा बीच रास्ते में टीन की ऊंची दीवार खड़ी कर बेरिकेटस लगा दिया गया था जिसके चलते कांग्रेसी भाजपा कार्यालय तक नहीं पहुंच पाएं।

दुर्ग जिले के समोदा गांव में भाजपा नेता द्वारा लगभग 9.50 एकड़ में अफीम प्रतिबंधित वस्तु की खेती करने का प्रकरण पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है। बिलासपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय सिद्धांशु मिश्रा एवं महेंद्र गंगोत्री ने कहा कि इतने बड़े स्तर पर अफीम जैसे प्रतिबंधित सूखे नशे की खेती, बिना किसी सांठगांठ के मुमकिन ही नहीं। प्रदेश की जनता स्तब्ध है कि कैसे सुशासन का ढोल पीटने वाली भाजपा सरकार के नाक के नीचे उनके स्वयं के नेता, कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े पैमाने पर अफीम की खेती की जा रही है। अध्यक्ष द्वय ने कहा कि वर्तमान बीजेपी सरकार नशे को संरक्षण देकर प्रदेश के युवाओं को और उनके भविष्य को नशे में धकेलने का प्रयास कर रही है, जिसको बिलकुल बर्दास्त नहीं किया जाएगा। पूरी कांग्रेस पार्टी जिसके विरोध में बिलासपुर समेत पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालयों में बीजेपी कार्यालय का घेराव एवं जंगी प्रदर्शन कर रही है।

**आपस में भिड़े पुलिस व कांग्रेसी**

इसी कड़ी में आज बिलासपुर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित इस घेराव एवं प्रदर्शन में कांग्रेसजन पुराना बस स्टैंड, नगर निगम के कॉम्प्लेक्स के सामने बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और नारे लगाते हुए भाजपा कार्यालय की ओर कूच किए। लेकिन कश्यप कालोनी मोड़ के पास पुलिस बल पहले से तैनात थी और ऊंची टीन की दीवार खड़ी रास्ते में बेरिकेट्स लगा दी थी। पुलिस वालों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने का प्रयास किया जिस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस बल के बीच जमकर धक्कामुक्की हुई।

पूर्व जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य संवारने के बजाए सरकार युवाओं को नशे की ओर ढकेल रही है। कांग्रेस हर मोर्चे पर इस तरह के कृत्यों का विरोध करेगी।

आज के घेराव प्रदर्शन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा, जिला ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी, पूर्व शहर अध्यक्ष विजय पांडे, राजेंद्र शुक्ला, राजेंद्र साहू, अभयनारायण राय, प्रमोद नायक, पंकज सिंह, आशीष गोयल, शिल्पी तिवारी, संतोष गर्ग, हितेश देवांगन, साकेष मिश्रा, सुभाष ठाकुर, ऋषि पांडे, चित्रकांत श्रीवास गौरव ऐरी,सीमा घृतेष, पिंकी बत्रा, गजेंद्र श्रीवास्तव, अनिल पांडे, राहुल वाधवानी, साई भास्कर, राजा व्यास, बिहारी देवांगन, राहुल ठाकुर आदि उपस्थित थे।

---

# फर्जी एग्रीमेंट कराकर जमीन बेचने के नाम पर 2 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जमीन बेचने के नाम पर फर्जी एग्रीमेंट कराकर एक व्यक्ति से 1 लाख 95 हजार रुपए की ठगी करने वाले जमीन दलाल के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

■ **जमीन दलाल पर धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज**

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, तिफरा विद्युत नगर कुशवाहा कालोनी निवासी निवासी चंद्रशेखर बंशकार पिता मुन्ना बंशकार ने रिपोर्ट लिखाई है कि एक साल पहले तिफरा निवासी शशि उर्फ आशीष तिवारी से उनकी जान पहचान हुई थी। उन्होंने बताया कि उनके मोहल्ले के अमील खान जमीन खरीदी बिक्री का काम करता है। वह सस्ते रेट में जमीन दिला देगा।

आमिल खान ने उन्हें यदुनंदननगर में 700 स्कावयर फीट का जमीन जिसका खसरा नम्बर 349/27 प.ह.न 61 दिखाकर 12 लाख 25 हजार रुपए में बेचने का सौदा किया। लोन दिलाने की बात कहते हुए 17 लाख रुपए एग्रीमेंट में लिखव भी लिया। उसकी बातों में आकर उन्होंने 20 हजार रुपए नकद, 1 लाख 70 हजार पंजाब नेशनल बैंक के चेक के माध्यम से 2 जुलाई 2025 को दिया था। 4 दिन बाद आमिल खान ने उनसे झूठ बोलकर चेक वापस किया और बोला कि उन्हें नकदी रकम चाहिए। रकम डूब मत जाए इसलिए उन्होंने 1 लाख 30 हजार रुपए व 45 हजार रुपए फोन पे के माध्यम से लिया। इसी बीच आनलाइन के माध्यम जमीन की जांच की गई तो पता चला कि उक्त जमीन दूसरे के नाम पर थी। पूछताछ करने में आमिल खान उन्हें गोलमोल जवाब देने लगा कि जमीन को उसने दूसरे को बेच दिया है। इस तरह से श्री बंशकार से 1 लाख 95 हजार रुपए की ठगी कर ली गई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर जमीन दलाल आमिल खान के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

# आटो चालक होली खेलते रहे, जालसाज 2 लाख रुपए करा लिया ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आटो चालक परिवार के साथ होली खेलने में मशगुल रह गए और जालसाज ने उनके मोबाइल को हैक कर यूपीआई के माध्यम से उनके बैंक खाते से 1 लाख 90 हजार 500 रुपए ट्रांसफर कर लिया है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार चांटीडीह निवासी बिहारी यादव ने रिपोर्ट लिखाई है कि वे सब्जी मंडी में माल वाहक आटो चलाने का काम करता है। आईडीबीआई बैंक शाखा अग्रसेन चौक में उनका व उनकी पत्नी रेखा यादव का ज्वाइंट बैंक खाता है। 6 मार्च को वे परिवार के साथ होली मनाने में मशगुल रहे। इसी दौरान जालसाजों ने उनका मोबाइल हैक कर दोहपर 1.25 बजे यूपीआई के माध्यम से उनके बैंक खाते से 95 हजार रुपए, उसके बाद शाम को 95 हजार 500 रुपए दूसरे बैंक खातों में ट्रांसफर कर आनलाइन ठगी कर लिया। उनकी बेटी शोभा यादव ने साइबर पोर्टल में शिकायत की थी। बैंक डिटेल निकालने पर जानकारी हुई कि यूपीआई के माध्यम से 95 हजार रुपए यश बैंक के खाताधारक कुलवंत कौर के बैंक खाते में व 95 हजार 500 रुपए बैंक आफ बड़ौदा के खाताधारक सुम फिलिग स्टेशन के बैंक खाते में जमा हुआ है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बैंक खाताधारक सुमन फिलिग स्टेशन व कुलवंत कौर के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### जुआ खेलते पकड़ाए 5 जुआरी, मुचलका में रिहा

**बिलासपुर।** पुलिस ने शराब दुकान के पीछे दबिश देकर जुआ खेलते 5 जुआरियों को पकड़कर गिरफ्तार कररते हुए मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है। सरकण्डा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चांटीडीह शनिचरी बाजार शराब दुकान के पीछे जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने शराब दुकान के पीछे घेराबंदी करते हुए जुआ खेलते नवीन सिंह, अरशद हुसैन, देवेन्द्र सिंह ठाकुर, नरविंद कुमार देवांगन, राकेश अरोरा को पकड़ लिया। उनके पास से 6 हजार 470 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर थाने से मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है।

---

# एटीआर के अंदर ग्रामीण कर सकेंगे मोबाइल का उपयोग

**बिलासपुर।** अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल में रहने वाले ग्रामवासी और स्टाफ-अफसरों को एक दूसरे से संपर्क करने में परेशानी हो रही है। इस परेशानी को दूर करने के लिए बीएसएनएल के मोबाइल टावर लगाने स्टेट वाइल्फ लाइफ से एप्रुवल मिलने के बाद अब केन्द्र सरकार की अनुमति भी प्राप्त हो गई है। प्रथम चरण की शुरूआत लोरमी बफर के चकदा, मंजूरहा और सरसोहा में की गई है। इसके उपरांत तीन गांव में भी टावर लगाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके शुरू होने के बाद ग्रामीणों के साथ अफसर और कर्मचारियों को भी काफी राहत मिल सकेगी।

■ **बीएसएनएल ने लगाया टॉवर, जल्द होगी शुरुआत**

अचानकमार टाइगर रिजर्व का क्षेत्र 914.07 स्क्वेयर किलोमीटर में बसा हुआ है, जिसमें करीब 24 गांव हैं। यहां सबसे अधिक समस्या बिजली और मोबाइल कवरेज को लेकर रहती है। गांव में बिजली के लिए विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अब तक लाइन बिछाने का काम नहीं हुआ है। यहां के रहवासी बिजली के लिए सोलर ऊर्जा का उपयोग कर रहे हैं। वहीं सेन्ट्रल जू आफ आथोरिटी और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के अनुसार किसी भी टाइगर रिजर्व में वन्यप्राणियों की सुरक्षा व संरक्षण को देखते हुए गांव बसाने की अनुमति नहीं है। इसे देखते हुए एटीआर प्रबंधन जंगल के अंदर बसे गांव का विस्थापन भी कर रही है।

### पांच स्थानों पर टॉवर

अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल एरिया और विस्थापित ग्रामीणों को आपसी संपर्क में परेशानी हो रही थी, जबकि जंगल में कर्मचारियों के आपसी संपर्क करने वॉकीटॉकी की सुविधा थी। वॉकीटाकी में भी कई बार परेशानी का सामना करना पड़ता था। इसे देखते हुए सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्राम चकदा, मंजूरहा और सरसोहा सहित अन्य गांव मिलाकर पांच गांव में बीएसएनएल के टावर लगने से करीब 3000 से अधिक आबादी को मोबाइल नेटवर्क की सुविधा मिलेगी।

-**यू आर गणेश**, डिप्टी डायरेक्टर, एटीआर

# 8 हजार 818 इंजेक्शन, 20 हजार कफ सिरप, टेबलेट नष्ट



मादक पदार्थों के नष्टीकरण के दौरान मौजूद एसएसपी रजनेश सिंह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसएसपी की उपस्थिति में थानों में जब्त मादक पदार्थ को जलाकर व इंजेक्शन, कफ सिरप, टेबलेट को रोलर चलाकर नष्ट किया गया।

11 मार्च को उच्च स्तरीय ड्रग डिस्पोजल समिति के अध्यक्ष एसएसपी रजनेश सिंह, सदस्य पंकज कुमार पटेल, सहायक आबकारी आयुक्त नवनीत तिवारी, क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी व पंचान की उपस्थिति में मोहतराई स्थित सुधा बॉयो पॉवर प्राइवेट लिमिटेड के भट्ठी में जिले के थानों में जब्त गांजा 7 क्विंटल 57 किलो 603 ग्राम गांजा, 16.6 ग्राम एमडीएम को भट्ठी में जलाकर नष्ट किया गया है। इसके अलावा थानों मे जब्त 12 हजार 164 टेबलेट केप्सूल, 8 हजार 818 इंजेक्शन, 6 हजार 468 नग प्रतिबंधित कफ सिरप पर रोलर चलाकर नष्टीकरण किया गया है।

# महाप्रबंधक ने सुरक्षा अमले के साथ खदानों का किया औचक निरीक्षण

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के आमगांव,अमेरा,गायत्री खदान से संगठित रूप से रोजाना हो रही सैकड़ों टन कोयला चोरी का मामला थमता नहीं दिख रहा है।आरोप है कि इस अवैध कार्य को कथित वाइट कॉलर रसूखदारों का संरक्षण प्राप्त है।

बता दें कि गुरुवार को बड़े सबेरे क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह खदानों में हो रही कोयला चोरी की स्थिति देखने त्रिपुरा बटालियन के जवानों को साथ लेकर आमगांव खदान पहुंच गये,यहां अचानक सशस्त्र जवानों को देख कोयला चोर मौके पर कोयले से भरी बोरियों और दोपहिया वाहन को मौके पर छोड़ भाग निकले,इस दौरान सुरक्षा टीम ने कोयला चोरी कर रहे एक युवक को पकड़ लिया,साथ ही कोयला चोरों की चार बाईक और पकड़े गए युवक को रामानुजनगर पुलिस को सौंप दिया गया है,महाप्रबंधक इसके बाद गायत्री खदान पहुंचे यहां भी कई ग्रामीण बोरियों में कोयला भरने में लगे हुए थे, जवानों को देख कई कोयला चोर मौके से भाग निकले,इस दौरान एक कोयला चोर युवक को जवानों ने धर दबोचा और उसके दोनों हाथों को पीछे बांध कर उसे कोतवाली पुलिस को सौंप दिया है। आमगांव खदान में कोयला चोरी करते पकड़े गए युवक का नाम मनवारपारा सालही निवासी दुर्गेश बताया गया है,बताया जाता है कि पिछले दिनो प्रबंधन ने कोयला चोरों और बड़ी संख्या में कोयला चोरों की बाइक को रामानुजनगर पुलिस को कार्यवाही के लिए सौंपा गया था लेकिन रामानुजनगर थाना प्रभारी ने आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के बजाय, कोयला चोरों को थाने से ही छोड़ दिया गया।

---

# घर मालिक मार्निंग वॉक पर चले गए, चोर ले उड़े 2 लाख का सामान

**बिलासपुर।** घर मालिक दरवाजे में ताला लगाकर मार्निंगवाक पर चले गए। वापस आए तो दरवाजा खुला मिला। अंदर जाकर देखा तो आलमारी खुली हुई थी। उसमें रखे 8 हजार रुपए नकद व भगवान के सोने की आंख सहित 2 लाख का सामान चोरी हो गया था। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।



चुचुहियापारा अन्नपूर्णा कालोनी निवासी डीबीएस प्रसाद ने बताया कि वे रोज की तरह सुबह 5 बजे सोकर उठे और बाहर से दरवाजे में ताला लगाकर चाबी स्कूटी की डिक्की में रखकर मार्निंगवाक पर चले गए। वापस घर लौटे तो दरवाजा खुला था और ताला खिड़की में लटका हुआ था। अंदर जाकर देखने पर कोई नहीं दिखा। बेडरूम का आलमारी खुला हुआ था। उन्होंने चेक किया तो उसमें रखे 80 हजार रुपए नकद व भगवान के सोने की आंख चोरी हो गई थी। उन्होंने बताया कि चोरों ने उनके घर से 2 लाख का सामान चोरी कर लिया है। श्री प्रसाद ने बताया कि हमेशा उनके घर में काम करने वाली नौकरानी स्कूटी की डिक्की से चाबी निकालकर घर में काम करने के बाद स्कूटी की डिक्की में चाबी रखकर चली जाती थी। उन्होंने नौकरानी पर चोरी करने का संदेह जताया है।

### भीख मांगने वाले के घर को नहीं छोड़ रहे चोर

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार वार्ड क्रमांक 23 मगरपारा निवासी पीलादास धृतलहरे ने रिपोर्ट लिखाई कि वह अपनी पत्नी फुलवा बाई के साथ रहता है और भीख मांगकर जीवन यापन करता है। 10 मार्च को दोनों पति-पत्नी घर के दरवाजे पर ताला लगाकर भीख मांगने खपरगंज चले गए थे। 11 मार्च को सुबह 5 बजे घर जाकर देखे तो अंदर सामान बिखरा पड़ा था। आलमारी से एक जोड़ी चांदी का पायल, 500 रुपए चोरी हो गया था। खिड़की से अंदर घूस कर चोरी कर ली गई थी। इसी तरह मगरपारा अंबेडकर नगर निवासी राजकुमार मेश्राम के घर से चोरों ने उनके बहन का पर्स चोरी कर लिया है। पर्स में पायल व 15 हजार रुपए रखा हुआ था।

# आमगांव खदान के भीतर पानी टैंकर ने खड़े ट्रेलर को मारी टक्कर

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के आमगांव खदान में गुरुवार शाम करीब 4 बजे पानी छिड़काव कर रहे एक टैंकर ने खदान के भीतर खड़ी ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 15 एसी 1060 को सामने से टक्कर मार दी, हादसे में ट्रेलर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। बताया गया कि खदान में वर्तमान में केवल एक ही वेब्रिज से कोयला तौल का कार्य चल रहा है,इसके कारण कोयला लोडिंग के लिए पहुंचे ट्रकों को दो से तीन दिन तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे वाहन चालकों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,सूत्रों के अनुसार समय पर कोयला उठाव नहीं होने से कई पार्टियों के डीओ भी लैप्स होने की स्थिति में हैं,जबकि खदान प्रबंधन मेनपावर सहित अन्य कारणों का हवाला दे रहा है,मामले में खदान प्रबंधन का कहना है कि प्रतिदिन 100 से अधिक गाड़ियां कोयला लोड कर बिना किसी समस्या के खदान से बाहर निकल रही हैं।

## खबर संक्षेप

### धुरपाल, राजेंद्र, अर्चना, अशोक व आरिफ बने जिला कांग्रेस शहर उपाध्यक्ष

**कोरबा।** जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष मुकेश राठौर ने बताया कि पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, सांसद ज्योत्सना महंत एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत के अनुशंसा से प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन से अर्चना उपाध्याय, अशोक लोध एवं आरिफ खान, पूर्व सभापति धुरपाल सिंह कंवर व वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह ठाकुर को जिला उपाध्यक्ष पद का दायित्व दिया गया है। अर्चना उपाध्याय जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष का दायित्व संभाल चुकी हैं। वहीं नगर निगम में वर्ष 2009 से 2014 के मध्य पार्षद रहीं और पिछले कांग्रेस सरकार के दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य का कार्यभार का निर्वहन कर चुकी है। अशोक लोध लंबे समय से युवा कांग्रेस में उपाध्यक्ष का दायित्व निभा चुके हैं तथा आरिफ खान वर्ष 2020 से 2023 तक एल्डरमेन का कार्यभार संभाल चुके हैं। इसी तरह पूर्व सभापति धुरपाल सिंह कंवर व राजेंद्र सिंह ठाकुर लंबे समय से कांग्रेस संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।

### महिलाएं शिक्षित एवं आत्मनिर्भर बने : रेणुका

**कोरबा।** प्राथमिक शाला बासीन संकुल केंद्र फुलसरी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती रेणुका राठिया जिला पंचायत सदस्य कोरबा, विशिष्ट अतिथि श्रीमती सितारा बेगम पंच ग्राम पंचायत बासीन, श्रीमती सरस्वती कोसले, श्रीमती पूनम एक्का एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती अनिमा बिंदु एक्का अध्यापिका प्राथमिक शाला बासीन ने की। महिला दिवस के पावन अवसर पर महिला सम्मान के अंतर्गत विद्यालय की रसोइया एवं आंगनबाड़ी सहायिका को साड़ियां भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को बैज लगाकर, पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती रेणुका राठिया ने महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं का शिक्षित होना बहुत जरूरी है यदि मां पढ़ी-लिखी है तो आगे उसका परिवार भी पढ़ा लिखा होगा और इसे मजबूत और सशक्त समाज का निर्माण होगा साथ ही साथ महिलाओं को अपने कर्तव्य और अधिकार के प्रति जागरूक होना होगा।

### उपभोक्ताओं की जागरूकता से ही उपभोक्ता संरक्षण की सार्थकता होगी सिद्ध

**कोरबा।** कोरबा जिला उपभोक्ता आयोग ने सिपेट में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन जहां छात्र - छात्राओ को उपभोक्ता जागरूकता कानून के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए उनके जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। छग राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्देशानुसार कोरबा जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो में उपभोक्ता जागरूकता शिविर के माध्यम से ग्रामीणो को उपभोक्ता कानून की जानकारी देते हुए उन्हे उनके अधिकारो से अवगत कराया जा रहा है। इसी क्रम में दस मार्च को कटघोरा विकासखंड अंतर्गत केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौघोगिकी संस्थान (सिपेट) में कोरबा जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्षा श्रीमती रंजना दत्ता, सदस्यगण सुश्री ममता दास एवं पंकज कुमार देवड़ा ने छात्र-छात्राओ को उनके अधिकारों व हितों की विस्तृत जानकारी दी।सिपेट के सभागृह में छात्र कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के प्रारंभ मे अतिथियो के औपचारिक परिचय उपरांत सिपेट के प्रबंधक राजीव कुमार लिल्हारे, ने उपस्थित अतिथियो का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात छात्र -छात्राओ ने नाटक के माध्यम से उपभोक्ता जागरूकता का संदेश दिया गया।

### स्वच्छता कार्य के दौरान उत्सर्जित अपशिष्ट का स्थल से तुरंत करें उठाव : पाण्डेय



**कोरबा।** नगर निगम द्वारा वार्ड एवं बस्तियों की सम्पूर्ण रूप से सफाई किये जाने के मद्देनजर निगम क्षेत्र में स्वच्छता के महाअभियान के नौवे दिवस गुरुवार को वार्ड क्र. 40 पाड़ीमार क्र. 1 एवं वार्ड क्र. 54 जमनीपाली दर्री में मेगा स्वच्छता ड्राईव चलाई गई। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय इन वार्डो में पहुंचे तथा गली-गली का भ्रमण कर वृहद पैमाने पर किये जा रहे साफ-सफाई कार्यो का सघन निरीक्षण किया। उन्होने बस्ती की गलियों, नालियों आदि की सम्पूर्ण सफाई किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये तथा स्वच्छता कार्य के दौरान उत्सर्जित अपशिष्ट का स्थल से तुरंत उठाव व परिवहन करने को कहा। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में निगम द्वारा स्वच्छता का महाअभियान संचालित किया जा रहा है। महाअभियान के नौवें दिन निर्धारित कार्यक्रमानुसार वार्ड व बस्तियों में मेगा स्वच्छता ड्राईव चलाई गई। नौवे दिन वार्ड क्र. 40 पाड़ीमार क्र. 1 एवं वार्ड क्र. 54 जमनीपाली दरी के अंतर्गत आने वाली विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों, मुख्य व संपर्क सड़कों, नालियों में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित कर नाले एवं नालियों के ऊपर से स्लेब हटाकर उनकी सतह से सफाई, सड़क के किनारे जमी हुई धूल, मिट्टी, बर्म, झाड़ियों की सफाई, कचरे का त्वरित उठाव व परिवहन, कीटनाशक दवाओं, ब्लीचिंग पाउण्डर का छिड़काव आदि के कार्य व्यापक पैमाने पर किये गये।

# स्लम बस्तियों के रहवासियों के लिए वरदान बनी मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

श्रमिकों, निर्धन एवं स्लम बस्तियों में रहने वाले गरीब परिवारों के लिए राज्य सरकार की महत्त्वपूर्ण मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना एक बड़ी राहत के रूप में उभर रही है। कोरबा शहरी क्षेत्र में बीते 2 वर्षो के भीतर मोबाइल मेडिकल यूनिट्स द्वारा 6183 चलित स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए, जिनमें 2 लाख 77 हजार 300 से अधिक मरीजों को निःशुल्क उपचार प्रदान किया गया। इसी अवधि में 67 हजार 412 व्यक्तियों की निःशुल्क लैब जांच तथा 2 लाख 51 हजार 197 मरीजों को निःशुल्क दवाइयाँ उपलब्ध कराई गईं। इस पहल से श्रमिक एवं गरीब परिवारों को इलाज में होने वाले भारी खर्च से राहत मिली है तथा करोड़ों रुपये की बचत संभव हो सकी है।

## दो वर्षों में लगे 6183 स्वास्थ्य शिविर

**खास बातें**

- पौने 3 लाख मरीजों का हुआ नि :शुल्क उपचार
- 67 हजार 412 व्यक्तियों का हुआ नि :शुल्क जांच



राज्य सरकार द्वारा यह योजना सतत रूप से संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत चिकित्सकीय सेवाओं को सीधे नागरिकों के घर-द्वार तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के माध्यम से स्लम बस्तियों में रह रहे लोगों को स्वास्थ्य जांच, लैब परीक्षण और आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। वर्तमान में शहरी क्षेत्र में इस योजना के अंतर्गत 10 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स सक्रिय रूप से कार्यरत हैं, जो निर्धारित रोस्टर के अनुसार 150 से अधिक स्लम बस्तियों का भ्रमण कर नियमित स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान कर रही हैं। यूनिट्स के माध्यम से विभिन्न बीमारियों की पहचान, उपचार और दवा वितरण का लाभ गरीब, निर्धन और श्रमिक परिवारों तक निरंतर पहुँच रहा है। योजना के तहत संचालित प्रत्येक मोबाइल मेडिकल यूनिट में 41 प्रकार की बीमारियों की लैब जांच सुविधा उपलब्ध है। यूनिट में स्थापित मिनी लैब में मरीजों के रक्त एवं अन्य आवश्यक नमूनों की तुरंत जाँच कर रिपोर्ट प्रदान कर दी जाती है, जिससे बीमारी की पहचान शीघ्र हो जाती है और चिकित्सक मौके पर ही दवाइयां दे देते हैं।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पूर्व राजस्व मंत्री के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने खोला मोर्चा

# अफीम की खेती के विरोध में कांग्रेसियों ने किया भाजपा कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

दुर्ग जिले के समोदा गांव में भाजपा नेता द्वारा लगभग 10 एकड़ भूमि पर तथा बलरामपुर जिले के सनाटोली के जंगल में लगभग 5 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती के साथ ही नशे के कारोबार को संरक्षण दिये जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के नेतृत्व में टीपी नगर स्थित भाजपा कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने भाजपा कार्यालय के पहले तीन स्थानों पर बेरिकेट्स लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक लिया जहां नारेबाजी करते हुए कांग्रेसियों व पुलिस के बीच झुमाझटकी देखने को मिली।

विरोध प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसे कार्य सत्ता के संरक्षण से ही संभव है। पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर स्वयं स्वीकार किया है कि समोदा गांव में पिछले चार वर्षों से अफीम की खेती हो रही है। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल अफीम खेती तक नहीं है वरन प्रशासनिक चुक को उजागर करता है। छत्तीसगढ़ जो धान का कटोरा के नाम से जाना जाता है यही हाल रहा तो आने वाले समय से अफीम की खेती का कटोरा के नाम जाना जावेगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने प्रदेश में फल फूल रहे नशे के कारोबार पर तंज कसते हुए कहा कि हमारा सवाल सरकार से है कि नशे की इस अवैध कारोबार खेती में किस मंत्री व अधिकारी का संरक्षण मिला हुआ है। भाजपा नेता गांव वालों को डरा धमका कर लंबे समय से यहां अफीम की खेती करते आ रहा है। ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि अफीम की अवैध खेती का उजागर होने के बाद मुख्य आरोपी को मुख्य आरोपी बनाने के बजाय नौकरों को मुख्य आरोपी बनाया जा रहा है। ऐसा किसके दबाव में हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार इस मामले में लीपापोती करने का प्रयास करती है तो हम चुप नहीं बैठेंगे और चरणबद्ध तरीके से योजना बनाकर उग्र प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी, प्रदेश सचिव विकास सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, पूर्व अध्यक्ष नत्थु लाल यादव, सपना चौहान, उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ठाकुर, दुष्यंत शर्मा, महामंत्री मनहरण राठौर, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहु, प्रदीप अग्रवाल, मनीष शर्मा, पालुराम साहु, राजेन्द्र तिवारी, गिरधारी बरेठ, रोपा तिर्की, ए डी जोशी, धनंजय चंद्रा, पुष्पा पात्रे, संतोष राठौर, रवि चंदेल, सुकसागर निर्मलकर, बद्री किरण, मधुसुदन दास, संजू अग्रवाल, मस्तुल कंवर, नारायण कुर्रे, क्रांति सोनी, जवाहर निर्मलकर आदि ने भी उद्बोधन दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर मुख्य रूप से कन्हैया राठौर, द्रौपति तिवारी, डॉ.रामगोपाल कुर्रे, बनवारी पाहुजा, कुंजबिहारी, शांता मंडावे, माधुरी ध्रुव, अजय दिवान, अशोक कंवर, पंचराम निराला, विजय आनंद, रवि टोप्पो, राजेन्द्र चौहान, विजय आदिले, फरियाद अली, विनोद कुमार अग्रवाल, डॉ.गोपाल कुर्रे, त्रिवेणी मिरी, अनिल अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अमीन सीतामणी, जवाहर निर्मलकर, शशि अग्रवाल, बच्चु लाल मखवानी, हरनारायण राठौर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मुड़ापार बायपास में असामाजिक तत्वों से क्षेत्रवासी हैं परेशान



असामाजिक तत्वों के द्वारा किया गया पथराव व टूटा हुआ बिजली मीटर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुड़ापार बायपास के निवासी इन दिनों असामाजिक तत्वों से परेशान हैं। क्षेत्र में दीगर मोहल्ले पहुंचे असामाजिक तत्व शराब सेवन के बाद देर रात हंगामा करते हैं और गाली गलौच देने के बाद आसपास स्थित घरों में पथराव व तोडफ़ोड़ करने के साथ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हैं। क्षेत्र के निवासियों ने बताया कि बायपास रोड पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा प्रतिदिन दिन ढलने के बाद होता है जहां वे एक स्थान पर बैठ कर शराब का सेवन करते हैं और उसका शुरूर चढ़ते ही हंगामा करने के बाद गाली-गलौज शुरू कर देते हैं। इतना ही नहीं आसपास के घरों में पथराव करने के साथ ही घरों के बाहर लगे बिजली के मीटर, कैमरे व अन्य सामानों को तोडफ़ोड़ कर काफी नुकसान पहुंचाते हैं। विरोध करने पर मारपीट पर भी उतारू हो जाते हैं। लंबे समय से चल रहे असामाजिक तत्वों की इन हरकतों ने क्षेत्रवासियों का जीना हराम कर दिया है। क्षेत्रवासियों की मांग है कि असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करें साथ ही पुलिस बायपास मार्ग पर रात्रि 10 बजे के बाद गश्त करें और बेलगाम हो चुके असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाएं जिससे क्षेत्रवासी चैन से रह सके।

# विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन का 20वां प्रांतीय अधिवेशन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- अधिवेशन में कर्मचारी हित से जुड़े 20 प्रस्ताव किए गए पारित

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन का 20वां प्रांतीय अधिवेशन दुर्ग शहर में संपन्न हुआ, जिसमें संगठन के 500 से अधिक सदस्य एवं विद्युतकर्मी शामिल रहे। अधिवेशन में कर्मचारियों से जुड़े 20 से अधिक प्रस्ताव पारित हुए, जिनमें से मुख्य रुप से संविदा कर्मचारियों का तत्काल नियमितीकरण हो, ठेका प्रथा पूर्णतः बन्द कर नियमित भर्ती शुरू की जाए, 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन लागू किया जाए, समस्त कैडर की रिस्ट्रक्चरिंग और रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती की जाए, कम्पनी का निजीकरण किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं होगा, समस्त आईटीआई योग्यताधारियों को बिना परीक्षा के सीधे टीए/टीडी बनाया जाए, तकनीकी एवं कार्यालयीन कर्मचारियों को अधिकारियों की तरह 3% तकनीकी भत्ता दिया जाए, प्रस्तावित वेज रिवीजन 1 जनवरी 2026 से किया जाए, कोरबा पश्चिम में निर्माणाधीन 1320 मेगावाट विद्युत संयंत्र में स्थानीय लोगों को ही रोजगार दिया जाए जैसी मांग शामिल है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रांताध्यक्ष सी के खांडे, अध्यक्ष नवनिर्वाचित प्रांताध्यक्ष अनिल द्विवेदी एवं अतिविशिष्ट अतिथि प्रांतीय महासचिव अजय बाबर रहे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर महेश श्रीवास, ए. जे. सिंह, डी के बिसेन, जे. पी. पटेल, एस एल धीवर, अवधेश साहू, हरिशंकर वर्मा एवं समयलाल राठौर मंचस्थ रहे। आमंत्रित अतिथि के तौर पर वेदराम निर्मलकर, रवि साइमन, टी पी गुप्ता ने भी शिरकत किया। मेजबान दुर्ग क्षेत्र से प्रांतीय उपाध्यक्ष यतीश वर्मा कार्यक्रम के मुख्य व्यवस्थापक रहे। प्रांतीय महासचिव अजय बाबर ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की चयनित सूची अनुमोदन हेतु सभापटल के समक्ष रखा जिसे सभासदों ने प्रथम आह्वान पर ही ध्वनिमत से ताली बजाकर अनुमोदित कर दिया। जनता यूनियन की नई प्रांतीय कार्यकारिणी में अनिल द्विवेदी (कोरबा) प्रांताध्यक्ष तथा अजय बाबर (धमतरी) प्रांतीय महासचिव नियुक्त हुए हैं।

# गढ़ कलेवा में हुआ दीदी सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- 200 से अधिक महिलाओं का किया गया सम्मान




कार्यक्रम में उपस्थित मंचस्थ अतिथि।

विश्व महिला दिवस के अवसर पर जिले के कटघोरा में महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को समर्पित एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गढ़कलेवा परिसर में श्रिया महिला स्व सहायता समूह के तत्वावधान में आयोजित दीदी सम्मान समारोह में गढ़कलेवा से जुड़ी महिलाओं के साथ-साथ अन्य स्व सहायता समूहों की करीब 200 महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के योगदान को सराहना देना और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इस अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों बालको, कोरबा, पाली, कटघोरा और पोंडी उपरोड़ा से बिहान योजना से जुड़ी स्व सहायता समूहों की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम में कटघोरा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राज जायसवाल, उपाध्यक्ष लाल बाबू ठाकुर, नगर पंचायत छुरी की अध्यक्ष पद्मिनी प्रीतम देवांगन, कटघोरा नगर पालिका परिषद के सीएमओ मुद्रिका प्रसाद तिवारी, जनपद पंचायत कटघोरा के सीईओ यशपाल सिंह तथा सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र बहादुर सिंह पैकरा सहित क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान अतिथियों ने गढ़कलेवा संचालन से जुड़ी महिलाओं को प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी दर्ज करा रही हैं और समाज के विकास में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। कटघोरा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राज जायसवाल ने कहा कि महिलाओं की मेहनत और लगन से समाज में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के बिना समाज की प्रगति संभव नहीं है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग ने यह भी बताया कि गढ़कलेवा केंद्र के माध्यम से स्व सहायता समूह की महिलाएं न केवल लोगों को भोजन और जलपान की सुविधा प्रदान कर रही हैं, बल्कि इससे उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी मिल रहा है। यह पहल स्थानीय महिलाओं के लिए रोजगार और सम्मान दोनों का माध्यम बन रही है।

# लायंस क्लब कटघोरा-छुरी ने मनाया होली मिलन समारोह




हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

लायंस क्लब कटघोरा–छुरी द्वारा पारिवारिक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब के सभी सदस्यों ने अपने परिवार सहित हिस्सा लिया और आपसी प्रेम, सौहार्द तथा भाईचारे के साथ होली पर्व की खुशियां साझा कीं।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट पीआरओ अजय धनोंदिया तथा क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल सहित क्लब के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सभी सदस्यों द्वारा एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देने के साथ हुई। इस मौके पर श्री धनोंदिया ने कहा कि होली का पर्व आपसी मतभेदों को भुलाकर प्रेम और भाईचारे को बढ़ाने का संदेश देता है। ऐसे पारिवारिक मिलन समारोह से सदस्यों के बीच आत्मीयता और सहयोग की भावना और मजबूत होती है। लायंस क्लब सदैव सामाजिक सेवा के साथ-साथ सामाजिक एकता को बढ़ावा देने का कार्य करता रहा है। क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि लायंस क्लब केवल सेवा कार्यों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह एक परिवार की तरह है। ऐसे आयोजनों से सदस्यों और उनके परिवारों के बीच आपसी संबंध और भी मजबूत होते हैं। हम सभी मिलकर समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं और आगे भी इसी भावना के साथ कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों एवं उनके परिवारों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली खेली तथा सांस्कृतिक और मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लिया। बच्चों और महिलाओं ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे आयोजन और अधिक जीवंत हो उठा। इस अवसर पर नरेंद्र अग्रवाल, राकेश पाण्डेय, प्रकाश अग्रवाल, प्रताप वाटवानी, अतुल मित्तल, भरत अग्रवाल, अजय श्रीवास्तव, राजूदास दीवान, मुकेश गुप्ता, हुकुमचंद अग्रवाल, नंद देवांगन, राकेश बंसल, अंकुर अग्रवाल, आयुष मित्तल, दीपक बंसल, राजूदास दीवान, अंकित सिंघल, दीपक गर्ग, आशीष अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, भरत अग्रवाल सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# विश्व किडनी दिवस पर एनकेएच में जागरूकता कार्यक्रम




**कोरबा।** विश्व किडनी दिवस के अवसर पर न्यू कोरबा हॉस्पिटल में डायलिसिस मरीजों के लिए जागरूकता एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मरीजों और उनके परिजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य किडनी रोग के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना, मरीजों को सही मार्गदर्शन देना और लंबे समय से उपचार करा रहे मरीजों का उत्साहवर्धन करना रहा।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने बताया कि शुगर और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित नहीं रखने से किडनी खराब होने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए नियमित जांच, सही उपचार और संतुलित जीवनशैली अपनाना बेहद जरूरी है। इस अवसर पर एमडी मेडिसिन डॉ. अविनाश तिवारी, डॉ. सी. भास्कर, मनोचिकित्सक डॉ. रजनी वर्मा, क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट डॉ. सुदीप्ति साहा तथा डाइटिशियन रिया दुबे उपस्थित रहीं। सभी विशेषज्ञों ने मरीजों को नियमित डायलिसिस, संतुलित आहार, दवाइयों का समय पर सेवन और संक्रमण से बचाव के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान प्रश्न-उत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें मरीजों और उनके परिजनों ने अपनी समस्याएं डॉक्टरों के सामने रखीं। विशेषज्ञों ने सभी सवालों के जवाब देते हुए सही जीवनशैली अपनाने और इलाज में लापरवाही न करने की सलाह दी। मनोचिकित्सक डॉ. रजनी वर्मा ने डायलिसिस मरीजों के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष जानकारी देते हुए कहा कि लंबे समय तक चलने वाले उपचार के कारण तनाव और चिंता की समस्या हो सकती है, इसलिए मरीजों के लिए सकारात्मक सोच, परिवार का सहयोग और नियमित परामर्श जरूरी है। डाइटिशियन द्वारा किडनी मरीजों के लिए सही खान-पान और परहेज के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में कई डायलिसिस मरीजों ने अपने अनुभव साझा किए, जिससे अन्य मरीजों को भी प्रेरणा मिली। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. एस. चंदानी ने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम और स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि किडनी रोग से बचाव के लिए नियमित जांच कराएं और शुगर व बीपी को नियंत्रण में रखें।

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मैं *Praveen Kumar Agrawal S/o Mr. Fatte Chand Agrawal* निवासी बाजार मोहल्ला वार्ड क 04 कटघोरा जिला कोरबा छ.ग. का निवासी हूं।

यह शपथ करता हूं कि मैने यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम *Praveen Agrawal* रख लिया है।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय एवं अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजो में मेरे नये नाम *Praveen Agrawal S/o Mr. Fatte Chand Agrawal* के नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

**प्रवीन अग्रवाल**
वार्ड क्र 04 बाजार मोहल्ला
कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## क्राइम की खबरें

### पूज्य सिंधी पंचायत का चेट्रीचंड्र महोत्सव कल से

**कोरबा।** पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा चेट्रीचंड्र महोत्सव 14 मार्च से आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के दौरान विविध कार्यक्रम होंगे। मुख्य कार्यक्रम 20 मार्च को सुबह बहराणे साहब की पूजा, रक्तदान शिविर, दोपहर में आम भंडारा व शाम को भव्य शोभायात्रा के रूप में होगा। पूज्य सिंधी पंचायत के सचिव नरेश जगवानी ने बताया कि सिंधी समाज द्वारा ईष्ट देव वरुण अवतार सांई झूलेलाल का अवतरण दिवस चेट्रीचंडू महोत्सव 14 से 20 मार्च तक आस्था व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। 14 मार्च को सिंधु भवन रानी रोड में शाम 6 बजे भगवान झूलेलाल की स्तुति धुनी साहब एवं पूजा आरती भंडारे के साथ चेट्रीचंडू महोत्सव शुरू होगा। 15 व 16 मार्च को एसपीएल-2 क्रिकेट मैच सीएसईबी खेल मैदान में होगा। जिसमें समाज के युवक युवतियां भाग लेंगी। 19 मार्च को सुबह 8 बजे बाइक रैली झुलेलाल मंदिर से शुरू होगी, जो प्रमुख मार्ग से होकर संत कंवरराम उद्यान मेन रोड तक जाएगी। 20 मार्च को सुबह 10 बजे पूजा अर्चना श्री झूलेलाल मंदिर में होगी। इसी दिन सुबह 10 से शाम 4 बजे तक सिंधु भवन में रक्तदान शिविर आयोजित होगा। दोपहर 1 बजे से आम भंडारा होगा। शाम 5 बजे बहराणे साहब की अगुवाई में भव्य शोभायात्रा मंदिर से निकलेगी। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां शामिल रहेंगी। विसर्जन रात 10 बजे जोड़ापुल तुलसीनगर में होगा। 25 मार्च को झूलेलाल भगवान का महोत्सव सिंधु भवन में शाम 6 बजे मनाया जाएगा।

### सुदुर वनांचल क्षेत्र लेमरू बना मलेरिया मुक्त क्षेत्र

**कोरबा।** सुदुर वनांचल क्षेत्र लेमरू आज स्वास्थ्य जागरूकता और सामूहिक प्रयासों की बदौलत मलेरिया मुक्त क्षेत्र की ओर अग्रसर हो गया हे। जिला मुख्यालय से लगभग 75 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है। यह क्षेत्र पूर्व में मलेरिया प्रभावित क्षेत्र माना जाता था। घने जंगल, कठिन भौगोलिक परिस्थितयाँ और स्वास्थ्य सुविघाओं तक सीमित पहुंच के कारण यहाँ हर वर्ष बरसात के मौसम में बड़ी संख्या में लोग मलेरिया से प्रभावित होते थे जागरूकता की कमी, समय पर उपचार न मिल पाने के कारण कई लोग गंभीर रूप से बिमार हो जाते थे। मलेरिया का भय इस क्षेत्र में ऐसा था कि बाहर या दूसरे क्षेत्र से आने वाले विभागिय या गैरविभागिय तथा अन्य सामान्य व्यक्ति बहुत मजबूरी में यहा आते थे। स्वास्थ्य विभाग इस बिमारी से चुनौती से सामना कर्मचारियों के आभाव के साथ जिला मुख्यालय से स्वास्थ्य कर्मियों की टीम महामारी के समय स्वास्थ्य शिविर लगाकर तथा लोगों को जागरूक करते लोगों को इस बिमारी से बचाने तथा इस बिमारी के आतंक को कम करने का प्रयास कर रहे थे।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किश्त कल होगी जारी

**कोरबा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत देश के करोड़ों पात्र किसानों के योजना की 22वीं किश्त की राशि 13 मार्च को शाम 5 बजे गुवाहाटी, असम से सीधे किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी। इस अवसर पर देश भर के लगभग 9.32 करोड़ पात्र किसान परिवारों को 18,650 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जाएगी। योजना की शुरुआत से अब तक 21 किश्तों के माध्यम से 4.09 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों को दी जा चुकी है। इस विशेष दिन को भारत सरकार के निर्देशानुसार पूरे देश में पी.एम. किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य में इस किश्त के माध्यम से कुल 24,71,498 अद्वितीय लाभार्थियों को 498.83 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त होगी। आंकड़ों के अनुसार जिले के 79,629 किसानों के खातों में 16.14 करोड़ रुपये की राशि भेजी जाएगी। उत्सव दिवस के अवसर पर समस्त विलेज नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे ग्राम पंचायतों के केंद्रीय स्थानों पर किसान सम्मेलन का आयोजन करें। इस दौरान किसानों को योजना का लाभ निरंतर प्राप्त करने हेतु आवश्यक घटकों जैसे ई-केवाईसी, आधार सीडिंग और फार्मर आईडी के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा। साथ ही, किसान नो योर स्टेटस मॉड्यूल के माध्यम से अपने खाते में जमा हुई राशि की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। कृषि विभाग ने सभी पात्र कृषकों से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

# अब कोयला अधिकारियों का पदोन्नति के साथ तबादला अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोलइंडिया द्वारा जारी नए आदेश के तहत अब ई-5 से ई-6 ग्रेड के पदोन्नति पाने वाले कोयला अधिकारियों का एक अनुषंगी कंपनी से दूसरी अनुषंगी कंपनी में तबादला करना अनिवार्य कर दिया गया है। हालांकि अनुरोध के आधार पर तबादला लेने वाले ऐसे अधिकारी जिन्होंने निर्धारित कार्यकाल पूरा नहीं किया है उन्हें उसी कंपनी में पदभार ग्रहण करने की अनुमति दी जा सकती है।

उल्लेखनीय है कि कोल इंडिया लिमिटेड प्रबंधन ने एग्जिक्यूटिव जॉब रोटेशन व ट्रांसफर पॉलिसी में संशोधन करते हुए नया आदेश जारी किया है। जारी कार्यालय आदेश के अनुसार पदोन्नति के साथ होने वाले तबादलों और अधिकारियों को अस्थायी रूप से रोकने के प्रावधानों में बदलाव किया गया है। नए प्रावधान के तहत ई- 5 से ई- 6 ग्रेड में पदोन्नति पाने वाले अधिकारियों का एक सहायक कंपनी से दूसरी सहायक कंपनी में तबादला अनिवार्य होगा। हालांकि जिन अधिकारियों ने अनुरोध के आधार पर ट्रांसफर लिया है और अभी निर्धारित कार्यकाल पूरा नहीं किया है, उन्हें अस्थायी रूप से वर्तमान कंपनी में पदभार ग्रहण करने की अनुमति दी जा सकती है। तय अवधि पूरी होने के बाद उन्हें अनिवार्य रूप से स्थानांतरित कंपनी में योगदान देना होगा। आदेश में यह भी प्रावधान किया गया है कि किसी भी सहायक कंपनी के सीएमडी को परिचालन जरूरतों को देखते हुए अधिकतम 5 प्रतिशत अधिकारियों को पदोन्नति के बाद अस्थायी रूप से रोकने का अधिकार होगा। यह रोक अधिकतम एक वर्ष तक ही प्रभावी रहेगी। इसके बाद संबंधित अधिकारी को स्थानांतरित कंपनी में ज्वाइन करना अनिवार्य होगा। इस अवधि के बाद न तो विस्तार दिया जाएगा और न ही पदोन्नति रद्द करने की अनुमति होगी।

## ई-5 से ई-6 के कोयला अधिकारियों पर लागू होगा नया नियम

**खास बातें**

- सीआईएल ने एग्जिक्यूटिव जॉब रोटेशन व तबादला पॉलिसी में संसोधन करते हुए किया नया आदेश जारी




### 15 वर्षों से एक ही इकाई में जमे हैं 1954 अधिकारी

कंपनी में 1954 की संख्या में ऐसे अधिकारी हैं तो एक ही इकाई में 15 वर्षों से अधिक समय से तैनात हैं। इनमें एसईसीएल में 451, बीसीसीएल में 191, सीसीएल में 250, ईसीएल में 201, एमसीएल में 216, एनसीएल में 147, एनईसी में 7, डब्ल्यूसीएल में 352 अधिकारी शामिल हैं।

## मानिकपुर चौकी क्षेत्र के रविशंकर शुक्ल नगर में हुई घटना

# सूने मकान में चोरों का धावा, सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने सोने चांदी की जेवरात सहित लाखों का माल पार कर दिया है। जब मकान मालिक को इसकी सूचना मिली तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

**खास बात**

- सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस को मिला सुराग

मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत रविशंकर शुक्ला नगर की है। यहां निवासरत ज्योति चंद्रा आरएसएस नगर के एमआईजी 2/113 में निवास करती है। वह भोपाल अपनी बहन के घर गई हुई थी। इस दौरान उसके घर में ताला बंद था। अज्ञात चोरों ने सुनेपन का फायदा उठाते हुए चोरों ने मकान का ताला तोड़कर घर में रखे सोने चांदी की जेवरात सहित लगभग 3 लाख रुपए का माल पार कर दिया है। बताया जाता है कि गुरुवार की सुबह हमेशा की तरह जब बाई घर में काम करने पहुंची तो उसने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है जिसके बाद उसने इसकी सूचना ज्योति चंद्रा को दी। जिसके बाद ज्योति चंद्रा ने अपने रिश्तेदार पारस चंद्रा को इसकी सूचना दी और पारस चंद्रा मौके पर पहुंचा और सूचना मानिकपुर चौकी पुलिस को दी गई। चोरी की सूचना पाते ही मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर सहित मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच के दौरान जो बात सामने आयी है उसके मुताबिक चोरों ने घर में रखे सोने चांदी की जेवरात व 5 हजार नगदी सहित लगभग 3 लाख से अधिक का माल पार कर दिया है। चोरी की घटना के बाद पुलिस की टीम तत्काल एक्टिव हो गई और पुलिस ने आसपास क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों के गिरेबांह तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। बताया जाता है कि पुलिस को चोरों के संबंध में अहम सुराग भी लगा है। जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया जिसके आधार पर पुलिस चोरों की घटना को अंजाम देने वालों को पकड़ सकती है।



इस तरह चोरों ने सामानों का किया था बिखराव।

### सतनाम नगर में भी चोरी की घटना आयी सामने

चोरी की दूसरी घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सतनाम नगर रिस्दी में घटित हुई है। यहां चोरों ने कुछ मकानों को निशाना बनाया है और नदी रकम सहित सामानों की चोरी कर ली है चोरी की सूचना पर सिविल लाइन पुलिस घटना स्थल पहुंची थी जहां पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना प्रभारी नवीन पटेल ने जानकारी देते बताया कि सतनाम नगर में चोरों ने एक मकान से सामानों की चोरी की है, जबकि कुछ अन्य मकानों में चोरी का प्रयास हुआ है। चोरी की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की छानबीन कर रही है।

# जनरल स्टोर्स में छापा 15 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त



जब्त सिलेंडर व टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के स्पष्ट निर्देशों के तहत जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलिंडरों के दुरुपयोग पर प्रभावी रोकथाम हेतु सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को राजस्व विभाग एवं खाद्य विभाग के संयुक्त दल द्वारा कोरबा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 38, बालको रोड, चेक पोस्ट स्थित पवन जनरल स्टोर्स के प्रतिष्ठान एवं उससे संबंधित भंडारण स्थलों/गोदामों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

**खास बातें**

- राजस्व विभाग व खाद्य विभाग के संयुक्त दल ने की कार्रवाई
- एक सिलेंडर से दूसरे सिलेंडर में रिफलिंग कर ब्लैक में अधिक कीमत पर बेचा जा रहा था

निरीक्षण के दौरान संयुक्त दल को प्रतिष्ठान द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग एवं अनधिकृत भंडारण किए जाने के महत्वपूर्ण प्रमाण प्राप्त हुए। जांच में कुल 15 नग घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर अवैध रूप से संधारित अवस्था में पाए गए, जिन्हें नियमानुसार तत्काल प्रभाव से जप्त कर लिया गया है। जिला खाद्य अधिकारी घनश्याम कंवर द्वारा बताया गया है कि यहाँ एक सिलेंडर से दूसरे सिलेंडरों में रिफलिंग कर ब्लैक में अधिक कीमत पर बेचा भी जाता था। कलेक्टर श्री दुदावत ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि घरेलू उपयोग के लिए जारी किए गए एलपीजी सिलेंडरों का किसी भी प्रकार से व्यावसायिक उपयोग कानूनन दंडनीय है। जिले में ऐसे प्रकरणों पर जीरो टॉलरेंस की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ऐसे प्रतिष्ठानों पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा आवश्यकता होने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

संयुक्त जांच दल द्वारा प्रतिष्ठान संचालक के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि एलपीजी गैस वितरण एजेंसियों के साथ समन्वयन स्थापित कर ऐसे अनाधिकृत भंडारण एवं दुरुपयोग की घटनाओं पर पूर्ण नियंत्रण रखा जाए। जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग न करें तथा यदि कहीं ऐसी गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत संबंधित विभाग या जिला प्रशासन को सूचित करें। प्रशासन द्वारा प्राप्त हर शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली बिल भुगतान समाधान योजना की हुई शुरुआत, सरचार्ज होगा माफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 का शुभारंभ हो गया है। योजना के तहत बीपीएल, घरेलू और कृषि श्रेणी के निम्नदाब उपभोक्ताओं को बिजली बिल के सरचार्ज में सौ प्रतिशत तक छूट दी जाएगी एवं यानी यदि किसी उपभोक्ता पर लंबे समय से बिजली बिल का अधिभार जुड़ता जा रहा था, तो अब उसे पूरी तरह माफ किया जा सकता है। यह योजना 30 जून तक ही प्रभावशील रहेगी।

**खास बात**

- बिलासपुर सर्किल के लगभग 5 .91 लाख उपभोक्ताओं को मिलेगा छूट का लाभ

इस योजना के तहत 31 मार्च के पूर्व निष्क्रिय उपभोक्ताओं के लिए निम्नानुसार छूट दी गई है जिनमें बीपीएल श्रेणी में मूल राशि में 75 प्रतिशत की छूट एवं सरचार्ज में सौ प्रतिशत की छूट, घरेलू एवं कृषि श्रेणी में मूल राशि में 50 प्रतिशत की छूट एवं सरचार्ज में सौ प्रतिशत की छूट, इसके अलावा बीपीएल श्रेणी में 31 मार्च 2018 से 31 मार्च 2023 तक की अवधि में बकाया राशि हेतु मूल राशि में 50 प्रतिशत की छूट एवं सरचार्ज में सौ प्रतिशत की छूट, एवं 31 मार्च 2018 से पूर्व की अवधि के बकाया राशि हेतु मूल राशि में 75 प्रतिशत की छूट एवं सरचार्ज में सौ प्रतिशत की छूट। घरेलू एवं कृषि श्रेणी में बकाया राशि एकमुश्त भुगतान करने पर मूल राशि में 10 प्रतिशत की छूट एवं सरचार्ज में सौ प्रतिशत की छूट, तीन किश्त में भुगतान करने पर मूल राशि में 5 प्रतिशत की छूट एवं सरचार्ज (अधिभार) में सौ प्रतिशत की छूट तथा छः किश्त में भुगतान करने पर मूल राशि में कोई छूट नहीं है परंतु सरचार्ज (अधिभार) में सौ प्रतिशत की छूट दी जाएगी। योजना में छूट का लाभ लेने के लिए अशासकीय घरेलू एवं कृषि श्रेणीं के पात्र सक्रिय उपभोक्ताओं को न्यूनतम 10 प्रतिशत बकाया राशि का भुगतान कर पंजीयन करना अनिवार्य होगा। बीपीएल श्रेणियों के उपभोक्ताओं का पंजीयन निःशुल्क किया जाएगा। उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बिजली कंपनी ने ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था भी की है।

# उद्योग मंत्री के प्रयासों से मिली 4 सड़कों के डामरीकरण हेतु 5.93 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के प्रयासों से शहर के चार प्रमुख मार्गो के डामरीकरण हेतु 5.93 करोड़ की स्वीकृति नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा अधोसंरचना मद से दी गई है। नगर निगम क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु संकल्पित कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन की पहल पर शहर के चार प्रमुख मार्गों के डामरीकरण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इन सड़कों के डामरीकरण से शहर के लोगों को बेहतर एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी।



लखनलाल।

जिन सड़कों के डामरीकरण की स्वीकृति मिली है उसमें सुनालिया ब्रिज से पावर हॉउस रोड फाटक अंडरब्रिज रोड तक सड़क डामरीकरण कार्य लागत 112.55 लाख, पावर हाउस रोड फाटक से पुराना बस स्टैंड तक सड़क डामरीकरण कार्य लागत 156.90 लाख, जैन चौक से घंटाघर तक सड़क डामरीकरण कार्य लागत 125 लाख, घंटाघर से कोसाबाड़ी चौक तक सड़क डामरीकरण कार्य 199 लाख रुपए से मरम्मत होगा। कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन के सशक्त नेतृत्व का नगर वासियों को निरंतर लाभ मिल रहा है। विगत डेढ़ महीने के भीतर लगातार विकास कार्यों की स्वीकृति राज्य शासन से नगर निगम को मिल रही है। इसके पूर्व सीएसईबी चौक से कोसाबाडी तक गौरव पथ हेतु 36 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हुई। रानी रोड कोरबा से सर्वमंगला मंदिर के बीच हसदेव नदी पर रपटा निर्माण की स्वीकृति, अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि से 15 विभिन्न विकास कार्यों हेतु 2 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हुई थी।

### नर्मदा एक्सप्रेस को कोरबा तक विस्तार देने की मांग

**कोरबा।** नर्मदा एक्सप्रेस को कोरबा तक विस्तार देने की मांग तेज हो गई है। नर्मदा एक्सप्रेस बिलासपुर से सुबह 11.35 बजे इंदौर के लिए रवाना होती है। वहीं इंदौर से छूटकर बिलासपुर दोपहर 1.50 बजे पहुंचती है। कोरबा से इंदौर या फिर बीच के स्टेशनों की यात्रा करने वाले लोगों को कोरबा से सुबह 8.15 बजे की रायपुर पैसेंजर या फिर 6.30 बजे की हसदेव एक्सप्रेस में निकलना पड़ता है। वहीं वापसी में जिस समय यह गाड़ी बिलासपुर पहुंचती है, उस समय वहां से कोरबा आने कोई सीधी ट्रेन नहीं रहती है। सीधी ट्रेन के लिए वहां 3 घंटे बैठना पड़ता है। इसके बाद साढ़े पांच बजे मेमू लोकल मिलती है। इससे यात्रियों को अनावश्यक दौड़ लगानी पड़ती है। रेल सुविधा के मामले में कोरबा काफी पिछड़ा हुआ है। अब तक रायपुर-नागपुर रूट के लिए ही यहां से ट्रेन सुविधा मिल पाई है।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## अतिक्रमण के खिलाफ लगातार हो रही कार्रवाई

# मिनीमाता गर्ल्स से लगे नशापान की दुकानों को हटाया अतिक्रमण दस्ते ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नशामुक्त भारत अभियान के तहत स्कूल, कालेज व शैक्षणिक संस्थान के समीप के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री नहीं करना है, अगर कोई व्यापारी बिक्री करते हुए पाया जाता है तो उसके ऊपर कोटपा लागू की जाएगी। जोन कमिश्नर पवन वर्मा की अगुवाई में शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और अवैध गतिविधियों पर लगाम कसने के उद्देश्य से नगर निगम कोरबा का बुलडोजर एक्शन मोड़ में देखने को मिला। निगम की टीम ने घंटाघर के आसपास सड़क किनारे ठेला लगाकर व्यवसाय करने वाले लोगों पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया। निगम की टीम ने जेसीबी की मदद से सड़क किनारे लगाए गए ठेलों और अस्थायी दुकानों को हटाते हुए पूरे इलाके को अतिक्रमण मुक्त कराया।



कार्यवाही के दौरान निगम अमला की टीम व अन्य।

कार्यवाही का नेतृत्व कर रहे निगम अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान कलेक्टर कुणाल दुदावत व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन पर चलाया जा रहा है। शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और नशे के अड्डों पर रोक लगाने के लिए लगातार इस तरह की कार्यवाही की जाएगी। जिला प्रशासन, निगम प्रशासन व पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम के साथ मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के सामने सड़क पर काफी समय से किए जा रहे अतिक्रमण को आज हटाकर स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराया, साथ ही अतिक्रमणकारियों को कड़ी हिदायत दी कि वे पुनः अतिक्रमण का प्रयास न करें, अन्यथा अतिक्रमण तो हटेगा ही, साथ ही अन्य वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि निगम क्षेत्रांतर्गत स्थित स्कूलों, कालेजों के समीप इस प्रकार की गतिविधियां व अतिक्रमणकर व्यवसाय का संचालन करना कतई स्वीकार्य नहीं होगा। स्कूल, कालेज के समीप अवैध रूप से ठेला गुमठी लगाकर कतिपय लोगों द्वारा व्यवसाय किया जाता है, इन ठेला, गुमठियों में तम्बाकू उत्पाद, गुटका, पान, सिगरेट आदि का विक्रय भी संभावित रहता है, साथ ही ये अवैध गुमटी, ठेले असामाजिक तत्वों के जमावडे. का अड्डा भी बनते है, जिसके कारण स्कूल, कालेजों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को कालेज आने जाने में अनावश्यक असुविधा होती है व अन्य असामाजिक घटनाओं की संभावना भी बनी रहती है। इसके मद्देनजर आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों, जोन कमिश्नरों व फील्ड स्टाफ को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे इस पर कड़ी नजर रखें तथा यह सुनिश्चित कराए कि स्कूल, कालेज के समीप इस प्रकार की गतिविधियां संचालित न हो तथा अवैध गुमठी ठेले आदि न लगे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411